Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

وَهُوَ الَّذِيْ مَدَّ الْأَرْضَ وَجَعَلَ فِيْهَا رَوَاسِيَ وَأَنْهَارًا وَمِنْ كُلِّ الثَّمَرَاتِ جَعَلَ فِيْهَا زَوْجَيْنِ اثْنَيْنِ يُغْشِي اللَّيْلَ النَّهَارَ إِنَّ فِيْ ذٰلِكَ لَاٰيَاتٍ لِّقَوْمٍ يَتَفَكَّرُوْنَ ○

(अल् रअद **:04)**

अनुवाद : और वही है जिसने ज़मीन को फैला दिया और उसने पहाड़ और दरिया बनाए और हर किस्म के फलों में से उसने इस में दो दो जोड़े बनाए। वह रात से दिन को ढाँप देता है। निसन्देह इस में अध्ययन करने वाले लोगों के लिए निशानात हैं।

वर्ष- 9
अंक - 35

मूल्य
600 रुपए
वार्षिक

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly
BADAR Qadian
HINDI

संपादक
शेख़ मुजाहिद
अहमद

उप संपादक
सय्यद मुहियुद्दीन
फ़रीद

23 सफ़र , 1446 हिज्री कमरी, 29 ज़हूर 1403 हिज्री शम्सी, 29 अगस्त 2024 ई.

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ نَحْمَدُهٗ وَنُصَلِّيْ عَلٰى رَسُوْلِهِ الْكَرِيْمِ وَعَلٰى عَبْدِهِ الْمَسِيْحِ الْمَوْعُوْدِ

وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़जल नाज़िल करता रहे। आमीन

याद रखो उसने ईमान का आनंद नहीं उठाया जिसने नमाज़ में लज़्ज़त नहीं पाई

हज़रत अकदस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का उपदेश

नमाज़ में दुआ और रोना

इन्सान की ईबादत की ज़िंदगी का बड़ा भारी मयार नमाज़ है। वह व्यक्ति जो ख़ुदा के हुज़ूर नमाज़ में रोता रहता है,अमन में रहता है। जैसे एक बच्चा अपनी माँ की गोद में चीख़-चीख़ कर रोता है और अपनी माँ की मुहब्बत और शफ़क़त को महसूस करता है। इसी तरह पर नमाज़ में मिन्नत और आंसुओं के साथ प्रार्थना के साथ ख़ुदा के समक्ष गिड़गिड़ाने वाला अपने आपको रबूबियत की अनुकंपा की गोद में डाल देता है। याद रखो उसने ईमान का आनंद नहीं उठाया जिसने नमाज़ में लज़्ज़त नहीं पाई। नमाज़ केवल टक्करों का नाम नहीं है। कुछ लोग नमाज़ को तो दो-चार चोंचें लगा कर जैसे मुर्ग़ी ठूंगे मारती है ख़त्म करते हैं और फिर लंबी चौड़ी दुआ शुरू करते हैं, हालाँकि वह वक़्त जो अल्लाह तआला के हुज़ूर अर्ज़ करने के लिए मिला था उसको केवल एक रस्म और आदत के तौर पर जल्द-जल्द ख़त्म करने में गुज़ार देते हैं और खुदा के दरबार से निकल कर दुआ मांगते हैं। नमाज़ में दुआ माँगो। नमाज़ को दुआ का एक वसीला और माध्यम समझो।

(मल्फ़ूज़ात भाग 2 पृष्ठ 28 ऐडीशन 2018 कादियान)

★ ★ ★

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की वाणी

न्याय एवं निष्पक्षता का महत्व

हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा रिवायत करती हैं कि नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया : तुमसे जो पहले थे, उनको केवल इस बात ने हलाक कर दिया कि उनकी आदत थी कि जब उनमें कोई बड़ा चोरी करता तो उसको छोड़ देते और अगर उनमें से ग़रीब चोरी करता तो उसके ख़िलाफ़ सज़ा का फ़ैसला करते। और अल्लाह की क़सम! अगर फ़ातमा बिंत मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम) चोरी करेगी तो मैं उसका भी हाथ काट डालूँगा।

(बुख़ारी किताबुल सुहा बाब सुहा फ़िल् लैल)

ईमान की लज़्ज़त

हज़रत अनस रज़ियल्लाहु अन्हो नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम से रिवायत करते हैं कि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया तीन बातें जिस में हों वह ईमान का मज़ा पा लेता है। यह कि अल्लाह और उसका रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम समस्त दूसरी चीज़ों से बढ़कर उसको प्यारे हों और यह कि जिस इन्सान से भी मुहब्बत करे केवल अल्लाह तआला ही के लिए मुहब्बत करे और यह कि कुफ़्र में लौटना ऐसा ही बुरा समझे जिस तरह वह आग में फेंके जाने को बुरा समझता है।

(बुख़ारी किताबुल ईमान बाब हलावत ईमान)

★ ★ ★

तौहीद के मुक़ाबला में शिर्क करना ऐसा ही है जैसा कि कोई व्यक्ति बुलंदी से गिर जाए और टुकड़े-टुकड़े हो जाए।

सय्यदना हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु सूरः अल् हज आयत नम्बर : 32 "وَمَنْ يُّشْرِكْ بِاللّٰهِ فَكَاَنَّمَا خَرَّ مِنَ السَّمَآءِ فَتَخْطَفُهُ الطَّيْرُ اَوْ تَهْوِيْ بِهِ الرِّيْحُ فِيْ مَكَانٍ سَحِيْقٍ"की तफ़सीर में फ़रमाते हैं :

तौहीद के मुक़ाबला में शिर्क करना ऐसा ही है जैसा कि कोई व्यक्ति बुलंदी से गिर जाए और टुकड़े-टुकड़े हो जाए और हवा उसके टुकड़ों को दूर-दूर फेंक दे क्योंकि मुशरिक अपने कई आक़ा तजवीज़ करता है और हर आक़ा को उसके गोश्त पर हक़ है।

इस जगह याद रखना चाहिए कि शिर्क का मसला ऐसा सीधा सादा नहीं जैसा कि आम तौर पर समझा जाता है बल्कि निहायत बारीक मसला है और यही वजह है कि अक्सर कौमें जो बज़ाहिर शिर्क की मुख़ालिफ़ हैं अमलन शिर्क में मुबतला पाई जाती हैं और इस का कारण यही है कि वे शिर्क की हक़ीक़त समझने से क़ासिर रही हैं। असल बात यह है कि शिर्क की कोई एक तारीफ़ नहीं है बल्कि मुख़्तलिफ़ नुक़्ता निगाह से इस मर्ज़ की हक़ीक़त को समझा जा सकता है। जब तक उसे एक तारीफ़ के अंदर लाने की कोशिश की जाए उस वक़्त तक यह मसला एक एक अघुलनशील गांठ ही रहती है । मेरे नज़दीक शिर्क निम्नलिखित इक़साम में मुनक़सिम है

प्रथम : यह ख़्याल करना कि एक से ज़्यादा हस्तियाँ हैं जो एक समान ताक़तें रखती हैं और सबकी सब दुनिया की हाकिम और सरदार हैं, यह शिर्क फ़िल् ज़ात है।

द्वितीय : यह ख़्याल करना कि दुनिया की मुदब्बिर हस्तियाँ एक से ज़्यादा हैं जिनमें कमालात तक़सीम हैं किसी में कोई कमाल है और किसी में कोई। यह शिर्क भी शिर्क फ़िल् ज़ात में ही दाख़िल है।

तीसरे : वे आमाल जो मुख़्तलिफ़ क़ौमों में आजिज़ी और इनकेसारी के लिए इख़्तेयार किए गए हैं। इन में से जो हद दर्जा के इंतेहाई आजिज़ी के आमाल हैं इन को ख़ुदा के सिवा किसी और के लिए इख़्तेयार करना उदाहरणतः सजदा इंतेहाई अदब और तज़ल्लुल के इज़हार का माध्यम है, अतः यह अमल केवल ख़ुदा के लिए जायज़ है किसी और के लिए नहीं लेकिन सजदा के इलावा भी। मुख़्तलिफ़ अक़्वाम में मुख़्तलिफ़ हरकात-ए-बदन इंतेहाई तज़ल्लुल के लिए क़रार दे दी गई हैं जैसे हाथ बांध कर खड़ा होना, या रुकु इत्यादि करना। इन सब उमूर को ख़ुदा तआला ने इबादत-ए-इलाही का हिस्सा बना दिया है। अतः अब यह अमल किसी और के लिए जायज़ नहीं।

चतुर्थ : शिर्क की चौथी किसम यह है कि इन्सान अस्बाब ज़ाहेरी के विषय में यह समझे कि उनसे मेरी सब ज़रूरियात पूरी हो जाएँगी और अल्लाह तआला के तसर्रुफ़ का ख़याल-ए-दिल से हटा दे और यह ख़्याल करे कि केवल माद्दी अस्बाब ही ज़रूरत को पूरा करने वाले हैं, यह भी शिर्क है। हाँ अगर यह ख़्याल करे कि इन सामानों में ख़ुदा तआला ने अमुक ताक़त रखी है और इस के इरादा के मातहत उनके नतायज पैदा होंगे तो ये शिर्क नहीं होगा।

शेष पृष्ठ 5 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - **निगरान बदर बोर्ड क़ादियान**

ख़ुत्बः जुमअः

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि सलाम को रिवाज देने के लिए तुम चाहे किसी को जानते हो या नहीं जानते उसको सलाम करो

हदीकतुल महदी में एक अस्थाई शहर बनाया गया है ताकि जल्सा सालाना के माहौल में रह कर हम दुनियावी झमेलों से अलैहदा हो कर अपनी दीनी, रुहानी, अख़लाक़ी हालतों को बेहतर करने की कोशिश करें

जल्से पर आने वालों को किसी भी किस्म की सहूलत उपलब्ध होने से ज़्यादा इस बात की फ़िक्र होनी चाहिए कि किस तरह हम इस माहौल से ज़्यादा से ज़्यादा फ़ायदा उठा सकते हैं

मैं समस्त कारकुनान को इस तरफ़ तवज्जा दिलानी चाहता हूँ कि जो भी डयूटियाँ उनके सपुर्द हैं वे उन्हें अच्छे रंग में अंजाम देने की कोशिश करें। बेहतरीन रंग में अंजाम देने की कोशिश करें। जलसा के मेहमानों की हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के मेहमान समझ कर ख़िदमत करें। उन्हें अल्लाह तआला की ख़ातिर नेक उद्देश्य के लिए आने वाले मेहमान समझ कर ख़िदमत करें। आला अख़लाक़ का प्रदर्शन करें। मेहमान की तरफ़ से आपके ख़्याल में अगर कोई ज़्यादती भी हो जाती है तो इस से अंदेखा करें । यही हमारी रिवायत है। यही आला अख़लाक़ हैं। यही ख़ुदा और उसके रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का हुक्म है। यही हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम हम से चाहते हैं। अब यह मेहमान-नवाज़ी और आला अख़लाक़ का मुज़ाहरा अल्लाह तआला के फ़ज़्ल से जमाअत अहमदिया का हर मुल्क में एक ख़ास वस्फ़ बन चुका है।

हर विभाग के कारकुनान को अपने मेहमानों का अच्छी तरह ख़्याल रखने की कोशिश करनी चाहिए, चाहे वे ट्रैफ़िक की डयूटी है या पार्किंग की डयूटी है या खाना खिलाने की डयूटी है या डिसिप्लिन की डयूटी है या गेट पर चैकिंग की डयूटी है या hygiene और सफ़ाई की डयूटी है या पानी स्पलाई की डयूटी है कोई भी डयूटी है, कोशिश करें कि जहां तक संभव हो मेहमान की सहूलत का इंतेज़ाम हो और उनको किसी तरह की तकलीफ़ न पहुंचे।

जो अल्लाह की इच्छा की खातिर यात्रा इख़्तेयार करने वाले होते हैं उनकी इन दुनियावी ज़रूरियात और आरामों की तरफ़ बहुत कम तवज्जा होती है और यही उनका बुनियादी उद्देश्य होता है कि यहां रह कर ज़्यादा से ज़्यादा रुहानी खानों से फ़ायदा उठाएं

सच्चे मोमिन के बारे में अल्लाह तआला फ़रमाता है कि वे ग़ुस्सा को दबाने वाले होते हैं और ज़्यादती करने वाले या जिन पर ज़्यादती हो रही हो दोनों को मैं यह कहता हूँ कि जल्सा के माहौल के तक़द्दुस को सामने रखें और मेहमान भी छोटी-छोटी कमियाँ अनदेखा किया करें और क्षमा से और देखा-अंदेखा से काम लिया करें

यहां आने वाले एक दूसरे को सलाम करने का भी रिवाज दें अल्लाह तआला ने हमें जो यह पवित्र और बाबरकत दुआ सिखाई है इस की तरफ़ इन दिनों में बहुत तवज्जा दें ताकि हम हर तरफ़ सलामती और प्यार और मुहब्बत फैलाने वाले बन जाएं और यह माहौल विशेषता अल्लाह के लिए प्यार और मुहब्बत और भाई चारे का माहौल बन जाए

जलसा सालाना बर्तानिया के अवसर पर मेज़बानों और मेहमानों को कीमती नसाएह तथा इरशाद-ए-नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की रोशनी में सलाम को रिवाज देने की तलक़ीन

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 26 जुलाई 2024 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔

أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِالْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَاالضَّآلِّيْنَ

अल्लाह तआला के फ़ज़्ल से आज जलसा सालाना बर्तानिया शुरू हो रहा है और अल्लाह तआला के फ़ज़्ल से हज़ारों लोग यहां दीनी और रुहानी माहौल से फ़ायदा उठाने के लिए आए हैं। इन दिनों में यहां हदीकतुल महदी में एक अस्थाई शहर बनाया गया है ताकि इस माहौल में रह कर हम दुनियावी झमेलों से अलैहदा हो कर अपनी दीनी, रुहानी, अख़लाक़ी हालतों को बेहतर करने की कोशिश करें अतः ऐसे हालात में आने वालों को किसी भी किस्म की सहूलत उपलब्ध आने से ज़्यादा इस बात की फ़िक्र होनी चाहिए कि किस तरह हम इस माहौल से ज़्यादा से ज़्यादा फ़ायदा उठा सकते हैं।

लेकिन बहरहाल इन्सान के साथ बशरी ज़रूरियात और तक़ाज़े भी लगे हुए हैं। इसलिए इंतिज़ामेया यह कोशिश करती है कि इन ज़रूरियात को पूरा करने और आने वालों को जिस हद तक मुम्किन हो आराम पहुंचाने के लिए इंतेज़ाम हो सकते हैं वे करें। इस के लिए विभिन्न विभागों में जलसा सालाना के दिनों में हमारे निज़ाम में क़ायम किए जाते हैं और हज़ारों कारकुनान रज़ाकाराना तौर पर अपनी ख़िदमात हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के मेहमानों की ख़िदमत के लिए पेश हैं।

अतः इस हवाले से पहले तो मैं समस्त कारकुनान को इस तरफ़ तवज्जा दिलानी चाहता हूँ कि जो भी डयूटियाँ उनके सपुर्द हैं वह उन्हें अच्छे रंग में अंजाम देने की कोशिश करें। बेहतरीन रंग में अंजाम देने की कोशिश करें। जलसा के मेहमानों को हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के मेहमान समझ कर ख़िदमत करें। उन्हें अल्लाह तआला की ख़ातिर नेक उद्देश्य के लिए आने वाले मेहमान समझ कर ख़िदमत करें। आला अख़लाक़ का प्रदर्शन करें। मेहमान की तरफ़ से आपके ख़्याल में अगर कोई ज़्यादती भी हो जाती है तो इसे अंदेखा करें। यही हमारी रिवायत है। यही आला अख़लाक़ हैं। यही ख़ुदा और उस के रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का आदेश है। यही हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम हम से

चाहते हैं। अब ये मेहमान-नवाज़ी और आला अख़लाक़ का मुज़ाहरा अल्लाह तआला के फ़ज़ल से जमाअत अहमदिया का हर मुल्क में एक ख़ास वस्फ़ बन चुका है।

जलसे के दिनों में विशेषतार इस तरफ़ बहुत तवज्जा दी जाती है। अतः यहां भी हमेशा की तरह सब कारकुनान इन आला औसाफ़ का मुज़ाहरा करें जो इस्लामी तालीम की विशेषता हैं । मुझे इलम है कि सब कारकुनान इस जज़बे से काम करते हैं और अब भी करेंगे। कल मैंने कारकुनान से जो संक्षिप्त सम्बोधन था जिसे कारकुनान से ख़िताब कहते हैं इस में भी यही कहा था लेकिन याददेहानी और कई नए आने वालों की तर्बीयत के लिए यह मैं बातें कह रहा हूँ। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाया करते थे कि मेहमान का दिल तो आईना की तरह होता है, भावुक होते हैं । उनका ख़्याल रखना चाहिए। ज़रा सी बात पर हल्की सी ठोकर से वह शीशे की तरह टूट जाता है।

(उद्धृत मल्फ़ूज़ात भाग 5 पृष्ठ 406 ऐडीशन 1984 ई.)

मेहमान का दिल बड़ा नाज़ुक होता है और फिर उस व्यक्ति के लिए कई दफ़ा ठोकर का बायस बन जाता है। बाअज़ सही तरह सोचते नहीं कि यह तो सिर्फ इस कारकुन की ग़लती थी। जमाअती तालीम का इस में कोई क़सूर नहीं है लेकिन बाज़ों को बहरहाल ठोकर लग जाती है। अतः बहुत ख़्याल रखने की ज़रूरत है। बहरहाल ये बातें उन लोगों के मुताल्लिक़ हैं जो नए आने वाले हैं जिनकी सही तर्बीयत नहीं हुई या जमाअत में अभी तक शामिल नहीं हुए होते लेकिन यहां आने वाले अक्सर अल्लाह तआला के फ़ज़ल से अहमदी हैं ये बात समझ कर आते हैं कि यहां तकालीफ़ बर्दाश्त करनी पड़ेंगी लेकिन बहरहाल जैसा कि मैंने कहा कुछ मेहमान बाहर के भी होते हैं जिनका ख़ास ख़्याल रखना पड़ता है जो अभी तक जमाअत में शामिल नहीं हुए या जिनकी सही तर्बीयत नहीं हुई। अतः उसके लिए जो कारकुनान हैं कारकुनान, हर विभाग के जो कारकुनान हैं उनको अपने मेहमानों का अच्छी तरह ख़्याल रखने की कोशिश करनी चाहिए, चाहे वे ट्रैफ़िक की डयूटी है या पार्किंग की डयूटी है या खाना खिलाने की डयूटी है या डिसिप्लिन की डयूटी है या गेट पर चैकिंग की डयूटी है या हाई जैन और सफ़ाई की डयूटी है या पानी स्पलाई की डयूटी है कोई भी डयूटी है कोशिश करें कि जहां तक संभव है मेहमान की सहूलत का इंतेज़ाम हो और इसको किसी तरह तकलीफ़ न पहुंचे।

कुछ बातें उसके बाद में मेहमानों को भी कहनी चाहूँगा। इसी तरह कुछ इंतेज़ामी बातें भी हैं जो मैं अर्ज़ करूँगा।

मेहमानों के लिए तो सबसे पहले मैं यह बात कहनी चाहता हूँ कि आप लोग एक नेक उद्देश्य के लिए यहां आए हैं और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के मेहमान बन कर यहां आए हैं। दुनियावी एज़ाज़ और दुनियावी ख़िदमत के बजाय उन आला अख़लाक़ में मज़ीद तरक़्क़ी करने को अपने पेश-ए-नज़र रखें जो एक हक़ीक़ी मुस्लमान का गौरव है और जिसको हासिल करने के लिए आप लोग यहां आए हैं और इसी उद्देश्य के लिए आना चाहिए। बेशक निज़ाम-ए-जमात के अधीन जैसा कि मैं ने कहा इस पाक और बाबरकत और बामक़सद सफ़र करने वाले मुसाफ़िरों और मेहमानों के लिए ख़िदमत का निज़ाम मौजूद है और ज़रूरियात के लिए जो ज़रूरियात उपलब्ध हो सकती हैं वे मुहय्या करने की कोशिश इंतेज़ामिया करती है। लेकिन जो अल्लाह की इच्छा की खातिर सफ़र इख़्तेयार करने वाले होते हैं इन को इन दुनियावी ज़रूरियात और आरामों की तरफ़ बहुत कम तवज्जा होती है और यही उनका बुनियादी उद्देश्य होता है कि यहां रह कर ज़्यादा से ज़्यादा रुहानी मायदे से फ़ायदा उठाएं।

अतः आप अपने आपको कभी दुनियावी मुसाफ़िरों और मेहमानों के ज़ुमरे में लाने की कोशिश न करें। अगर इस बात को आप समझ जाऐंगे तो मेज़बानों की कमज़ोरियों और कमियों से भी आप अंदेखा करते रहेंगे अन्यथा कई दफ़ा देखने में आता है कि शिकवा पैदा हो जाता है कि अमुक जगह के लोगों का बेहतर इंतेज़ाम था। अमुक लोगों को ज़्यादा सहूलत उपलब्ध कराई गई थी। अमुक के साथ बेहतर सुलूक हुआ। अमुक के साथ कम सुलूक हुआ। तो इस तरह फिर उस किस्म के शिकवे पैदा नहीं होंगे।

कई दफ़ा अंदाज़े की ग़लती से कुछ कमज़ोरियाँ रह जाती हैं तो उनको नज़रअंदाज करना चाहिए। अगर हर एक के दिल में ये ख़्याल हो, हर आने वाले अहमदी मुस्लमान के दिल में यह ख़्याल हो कि हमारा उद्देश्य केवल और केवल रुहानी मायदा हासिल करना है न कि किसी भी किस्म की दुनियावी सहूलतों को हासिल करना है तो फिर दोनों मेज़बान और मेहमान मुहब्बत और प्यार से ये दिन गुज़ारेंगे। बहरहाल यह भी मैं बता दूं कि इंतेज़ामिया की तरफ़ से पूरी कोशिश होती है कि सब मेहमानों के साथ एक तरह से सुलूक किया जाए लेकिन फिर भी बाअज़ दफ़ा जैसा कि मैंने कहा कमी बेशी हो जाती है और इस से फिर मेहमानों को अंदेखा करना चाहिए। यही हमारी तालीम है। जहां हमें यह हुक्म है कि मेहमान की इज़्ज़त करो और तकरीम करो और ख़्याल रखो वहां मेहमानों को भी यही कहा गया है कि तुम लोग भी मेज़बान की सहूलत का ख़्याल करो। बहरहाल हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम मेहमानों की बहुत इज़्ज़त-ओ-तकरीम फ़रमाते थे और यह भी फ़रमाया करते थे कि अपनी ज़रूरियात बे-तकल्लुफ़ी से वर्णन कर दिया करो।

(उद्धृत मल्फ़ूज़ात भाग 3 पृष्ठ 112 ऐडीशन 1984 ई.)

लेकिन यह आम हालात की बात है। जलसा के जो मेहमान थे उनके लिए आप फ़रमाया करते थे कि एक ही इंतेज़ाम हो। हर मेहमान की इसी तरह मेहमान-नवाज़ी की जाए जो एक इंतेज़ाम के तहत है और जहां तक संभव है एक तरह की हो।

(उद्धृत सीरत हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम अज़ हज़रत याक़ूब अली इर्फ़ानी साहब रज़ियल्लाहु अन्हो भाग 3 पृष्ठ 395-396)

जलसा के दिनों में मेहमान-नवाज़ी का निज़ाम आम हालात से मुख़्तलिफ़ हो जाता है और यही कोशिश होती है कि हज़ारों लोग जो यहां आए हुए हैं उनको एक ही तरह से जिस हद तक मुम्किन हो सहूलतें मुहय्या करने की कोशिश की जाए सिवाए जो ग़ैर मेहमान आते हैं या ग़ैर मुल्की मेहमान आते हैं उनकी कुछ मजबूरियों की वजह से मुख़्तलिफ़ इंतेज़ाम भी करना पड़ता है। बहरहाल हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम उस तकरीम और इज़्ज़त के बावजूद जो आप मेहमानों की करते थे आम हालात में भी मेहमान के दिल में ये बात रासिख़ फ़रमाते थे कि तुम्हारे यहां आने की असल ग़रज़ दीन सीखना है और अपने दिल-ओ-दिमाग़ को पाक करना है और अल्लाह तआला का क़ुरब पाने की मनाज़िल को तै करना है। अतः यही ग़रज़ है जिसके हुसूल के लिए हर साल आप लोग यहां मेहमान बन कर आते हैं, जमा होते हैं और इसी ग़रज़ को हासिल करने के लिए जलसा पर आने वाले मेहमानों को आना चाहिए। इन दिनों में जलसा में बैठ कर जलसा गाह में होने वाले प्रोग्राम और तक़ारीर को ग़ौर से सुनें और उनसे फ़ायदा उठाने की कोशिश करें।

मेहमानों के लिए चंद उमूमी बातें और भी पेश करता हूँ। मोमिन के लिए अपने वक़्त का सही इस्तिमाल इंतेहाई ज़रूरी है। जब ऐसे इजतेमाई अवसर पर सब जमा होते हैं तो दूर-दूर से आए हुए अज़ीज़ों और वाक़िफ़ कारों की एक दूसरे से मुलाक़ातों और मिल बैठने की ख़ाहिश भी होती है। अब जबकि सिर्फ एक देश के रहने वाले वाक़िफ़ कार और अज़ीज़ नहीं बल्कि दूसरे मुल्कों के रहने वाले वाक़िफ़ कारों और अज़ीज़ों से भी मुलाक़ात के सामान अल्लाह तआला ने पैदा फ़रमाए हैं और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम को अल्लाह तआला ने अपने फ़ज़ल से वे जमाअत अता फ़रमाई है जिसने मुल्कों और क़ौमों की सरहदों को और फ़िर्क़ों को ख़त्म कर दिया है और एक अज़ीम भाई चारे की बुनियाद पड़ चुकी है। आप ने जलसा में शामिल होने वालों का एक उद्देश्य यह भी वर्णन फ़रमाया है कि जमाअत के प्रेम और मज़बूती पर आधारित हों।

(उद्धृत शहातुल् क़ुरआन, रुहानी खाज़ायन भाग 6 पृष्ठ 394)

उनमें मज़बूती पैदा होती चली जाए। हम एक क़ौम बन जाएं और इसके लिए ज़ाहिर है मिल बैठने की ज़रूरत भी होती है। आपस में एक दूसरे से मेल-मुलाक़ात भी होती है और यह ज़रूरी चीज़ है। एक दूसरे से वाक़फ़ीयत बढ़ाने और ताल्लुक़ बढ़ाने के लिए ज़रूरी चीज़ है लेकिन सारा दिन जलसे का जो प्रोग्राम हो रहा होता है इस को बहरहाल सुनने में वक़्त गुज़ारना चाहिए और इस के बाद ही जो अवसर उपलब्ध हो उस में फिर आपस में मिल बैठें और बातें करें और संबंध बढ़ाएं।

यह भी देखने में आया है कि कई दफ़ा कई पुराने वाक़िफ़ कारों का ये मिल बैठना इतना लंबा हो जाता है जो देर बाद मिलते हैं तो यह इतनी लंबी मुलाक़ातें हो जाती हैं कि ख़ुश गपियों में सारी सारी रात ज़ाए हो जाती है और फिर नमाज़-ए-फ़ज्र के वक़्त तहज्जुद तो ख़ैर अलैहदा रही फ़ज्र के वक़्त भी मुश्किल से उनकी आँख खुलती है।

फिर यह भी होता है कि कई दफ़ा इंतेज़ामिया को भी इस से दिक़्क़त पेश आती है कि खाने की मारकी में बातों में लगे और खाना खाते हुए लोग लंबी बातों में व्यस्त हो जाते हैं। इतना वक़्त गुज़ारते हैं कि कारकुनों को फिर याददेहानी करवानी पड़ती है कि नमाज़ का वक़्त हो गया है या बहुत ज़्यादा वक़्त हो गया है। बहरहाल इसी त र ह घरों में ठहरने वालों को भी हो सकता है दिक़्क़तें पेश आती हों तो एतिदाल से काम लेना चाहिए। मेहमानों को विशेषता इस बात का ख़्याल रखना चाहिए कि मेज़बानों ने भी अपने काम समेटने हैं और अगले वक़्त की तैयारी करनी है।

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास आए हुए मेहमानों के बारे में भी अल्लाह तआला का यही हुक्म था कि बैठ के बातों में वक़्त ज़ाए न किया करो। जब खाना पीना हो जाए तो उठ के चले जाया करो। (अल् अहज़ाब् : 54) अतः विशेषता खाने की मार की में जब ज़्यादा भीड़ हो जाए तो कई दफ़ा खाना शिफ्टों में खिलाना पड़ता है। इसलिए फ़ौरी तौर पर खाना खा के उठ जाना चाहिए ताकि दूसरे लोग भी आ सकें और आराम से खाना खा सकें। अतः ये बातें अगर होंगी तो फि रकिसी किस्म के शिकवे भी पैदा नहीं होंगे और इस ख़ुशगवार माहौल में सब काम होते रहेंगे।

फिर इसी तरह जब बड़ी संख्या में लोग जमा हों तो कई दफ़ा बदमज़गियाँ पैदा हो जाती हैं। कभी इंतेज़ामिया से शिकवे की वजह से मेहमान ने किसी कारकुन को बुरा-भला कह दिया, कारकुन ने भी आगे से जवाब दे दिया तो फिर बात मज़ीद आगे बढ़ती चली जाती है और इस तरह रंजिशों का एक सिलसिला शुरू हो जाता है। चाहे वह इक्का दुका वाक़ियात हो रहे हों लेकिन माहौल इस से तंग हो जाता है। दूसरे लोग भी प्रभावित होते हैं। यदि तू शिकवे करने वाले या ग़लत बात कहने वाले यहां के रहने वाले हैं अर्थात यूके में रहने वाले हैं तो फिर यह सिलसिला और भी लंबा हो जाता है और फिर दूसरे अवसरों पर भी इस का इज़हार हो जाता है और केवल यहीं नहीं बाक़ी मुल्कों में भी यही चीज़ सामने देखने में आती है।

हक़ीक़ी मोमिन के बारे में अल्लाह तआला फ़रमाता है कि वह ग़ुस्सा को दबाने वाले होते हैं और ज़्यादती करने वाले या जिन पर ज़्यादती हो रही हो दोनों को मैं यह कहता हूँ कि जलसा के माहौल के तक़द्दुस को सामने रखें और मेहमान भी देखा अंदेखा से और क्षमा से और दरगुज़र से काम लें।

अगर उनके ख़्याल में ज़्यादती हो भी जाए तब भी सब्र और हौसले से काम लें। सब्र और हौसला दिखाएंगे और कारकुन भी अपने ग़ुस्सा को मेहमान की तरफ़ से ज़्यादती होने के बावजूद अगर वे समझते हैं कि ज़्यादती हो रही है फिर भी दबा जाएं और ग़ुस्सा पी जाएं।

इसी तरह कारड की चैकिंग है और सैक्योरिटी है क्योंकि सैक्योरिटी चैक भी आजकल के हालात में बहुत ज़रूरी है, बड़ी एहतियात करनी पड़ती है। इस के मुख़्तलिफ़ मरहलों से गुज़रने की वजह से कुछ लोगों को तकलीफ़ भी हो सकती है और हो सकता है कि देर भी लग जाए और विशेषता औरतों में यह ज़्यादा मसला पैदा होता है क्योंकि उनके बच्चे भी होते हैं और उनके सामान भी ज़्यादा होते हैं। औरतों ने कई दफ़ा बेशुमार बैग उठाए होते हैं और हर बैग को चैक करने में फिर वक़्त भी लग जाता है। इसलिए एक तो औरतों को यह कोशिश करनी चाहिए कि आज तो अगर कोई ज़्यादा सामान ले आए हैं तो ठीक है लेकिन बाहर से आने वाले लोग जो जलसा गाह में नहीं ठहरे हुए अक्सर तो बाहर से ही आ रहे होते हैं वे आइन्दा दो दिनों में कम से कम अपना सामान लाएंगे ताकि चैकिंग में कम से कम वक़्त ख़र्च हो। जो बच्चे वालियाँ हैं वे भी सिर्फ बच्चों की ज़रूरत की चीज़ें लाएंगे। ग़ैरज़रूरी चीज़ें साथ न लाएं। इस से बिला-वजह देर होती है। वक़्त ज़ाए होता है। इंतेज़ामिया का भी वक़्त ज़ाए होता है और लोगों का भी वक़्त ज़ाए होता है। लोगों को लाईन में खड़े हो कर इंतेज़ार करना पड़ता है फिर वे इंतेज़ामिया को इल्ज़ाम देते हैं हालाँकि क़सूर बाअज़ दफ़ा जलसा में शामिल होने वालों का होता है क्योंकि लोगों की चीज़ें और सामान इतना ज़्यादा होता है जैसा कि मैंने कहा कि चैकिंग में देर लग सकती है।

फिर एक मोमिन को एक हुक्म और इरशाद आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का यह है कि तुम लोग विच्छेद करने वाले से भी ताल्लुक़ क़ायम रखो। जो तुम्हें नहीं देता उसे भी दो। यह नहीं है कि ज़रूरत के वक़्त तुम्हारे काम नहीं आया तो उस को ज़रूरत पड़ने पर बदला लेते हुए तुम भी उसकी मदद न करो। फ़रमाया कि जो तुम्हें बुरा-भला कहता है उससे भी दरगुज़र करो।

(मस्नद अहमद बिन हम्बल भाग 5 पृष्ठ 373 हदीस 15703 प्रकाशन आलेमुल कुतुब बेरूत 1998 ई.)

अतः यहां तो बुरा-भला कहने का सवाल नहीं है यहां तो एक फ़र्ज़ की अदायगी है जो कारकुनान के ज़िम्मा लगाई गई है। यहां अगर अनजाने में किसी कारकुन से कोई ग़लती हो जाए या चैकिंग के दौरान देर लग जाए या किसी के कार्ड पर कोई एतराज़ पैदा हो जाए तो बुरा मनाने की बजाय हौसला दिखाना चाहिए। ये बातें जो आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाई हैं यह बड़े हौसले की ओर मार्गदर्शन करती हैं।

अगर बड़ा हौसला पैदा हो जाए तो समस्त बदमज़गियाँ और झगड़े ख़त्म हो जाएं।

अतः मेहमानों और डयूटी देने वालों, दोनों को कहता हूँ कि उनका फ़र्ज़ है कि बड़ा हौसला दिखाएंगे। चैकिंग करने वालों को भी ख़्याल रखना चाहिए कि आने वाले मेहमानों के लिए जिस हद तक सहूलत मुहय्या कर सकते हैं वे मुहय्या करने की कोशिश करें और इसके लिए यदि इंतेज़ामिया को ज़्यादा कारकुन भी लगाने पढ़ें तो लगाने चाहिएं विशेषता भीड़ के समय में।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की इच्छा के अनुसार कोशिश यह करनी चाहिए कि आपसी प्रेम और भाईचारे की उदाहरण बन जाएं।

(उद्धृत शहादतुल् क़ुरआन, रुहानी ख़ज़ायन भाग 6 पृष्ठ 394)

और यही अल्लाह तआला ने मोमिनों के बारे में फ़रमाया है। अतः छोटी-छोटी बातों पर उलझने की बजाय कोशिश यह करें कि हमने अपनी ज़िंदगी के उद्देश्य को हासिल करने की कोशिश करनी है। जो रकू और सजूद और इबादतों से हासिल होता है और अल्लाह की याद से प्राप्त होता है। हर मेहमान जो यहां आया है अपने सफ़र को विशेषता अल्लाह की खातिर बनाने की कोशिश करे। कारकुन भी याद रखें और मेहमान भी याद रखें कि कुछ ग़ैर अज़ जमाअत भी यहां आए होते हैं, ग़ैर मुस्लिम भी यहां आए होते हैं। हर व्यक्ति मेहमान भी और मेज़बान भी अगर आला अख़लाक़ का प्रदर्शन कर रहे होंगे तो यह ख़ामोश तब्लीग़ कर रहे होंगे और इस से फिर ग़ैरों पर बहुत अच्छा असर पड़ता है और फिर उनको इस्लाम की तरफ़ तवज्जा पैदा होती है और इस्लामी तालीम की ख़ूबियों से वे प्रभावित होते हैं।

फिर एक ज़रूरी चीज़ यह है कि यहां आने वाले एक दूसरे को सलाम करने को भी रिवाज दें।

इस तरफ़ भी ज़्यादा से ज़्यादा कोशिश करें। बड़ी बरकत वाली और पाकीज़ा दुआ है जो हमें सिखाई गई है। जब मेज़बान और मेहमान एक दूसरे को सलाम करते हैं तो जहां वे हर एक किस्म के ख़ौफ़ और फ़िक्र से आज़ाद होते हैं वहां एक ऐसी दुआ जो एक दूसरे को फ़ैज़याब करने वाली होती है वे दे रहे होते हैं। अतः अल्लाह तआला ने हमें जो ये पाकीज़ा और बाबरकत दुआ सिखाई है इस की तरफ़ इन दिनों में बहुत तवज्जा दें ताकि हम हर तरफ़ सलामती और प्यार और मुहब्बत फैलाने वाले बन जाएं और यह माहौल विशेषता अल्लाह के लिए प्यार और मुहब्बत और भाई चारे का माहौल बन जाए।

और हमें कोशिश करनी चाहिए कि हर किस्म की भौतिक या शारीरिक इच्छा से अपने आपको पाक करें और इन दिनों में एक इन्क़िलाब अपनी ज़िंदगीयों में पैदा करने की कोशिश कर रहे हों । हमारे लिए हर विषय में सहाबा रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की जीवनी है। मेहमानों के आला अख़लाक़ का तो यह हाल था कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के ज़माने में सहाबा आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की क़ुव्वत-ए-क़ुदसी की वजह से यह कोशिश करते थे कि क़ुरआन-ए-करीम के हर हुक्म पर अमल करने की कोशिश करें और जैसा कि क़ुरआन-ए-करीम का यह हुक्म है कि अगर कोई मेहमान किसी के घर में जाए और घरवाला कहे कि वापस चले जाओ। उस वक़्त में फ़ारिग़ नहीं तो ख़ुशी से वह वापस चला जाए। बड़ा दिल दिखाए। एक सहाबी कहते हैं कि मैं कोशिश करता था कि मैं अल्लाह तआला के इस हुक्म को भी पूरा करने वाला बन जाऊं और चाहता था कि किसी के घर जाऊं और घरवाला मुझे कहे कि वापस चले जाओ। अभी वक़्त नहीं है मेरे पास और मैं ख़ुशी से अल्लाह तआला की रज़ा हासिल करने के लिए वहां से वापस आ जाऊं और अल्लाह तआला की रज़ा हासिल करने वाला बन जाऊं लेकिन कहते हैं मुझे बावजूद कोशिश के कभी यह अवसर उपलब्ध नहीं आया कि किसी ने मुझे घर से निकाला हो।

(उद्धृत तफ़सीर दुर्रे मंसूर भाग 5 (अनुवादक पृष्ठ 116 प्रकाशन ज़ियाउल् क़ुरआन पब्ली केशन्ज़् लाहौर 2006 ई.)

अतः यह वह आला अख़लाक़ थे जो मेज़बानों के भी थे, जो घर वालों के भी थे और जो किसी के घर जाने वाले जो मेहमान थे उनके भी थे। अतः यह बड़ा हौसला होनी चाहिए। इन्सान में जब यह बड़ा हौसला हो तो फिर छोटी छोटी बातें जो हैं उनको इन्सान वैसे ही नज़रअंदाज कर देता है।

मैंने एक दूसरे को सलाम करने के बारे में बात की। इस बारे में एक और बात यह भी याद रखें कि :

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि सलाम को रिवाज देने के लिए तुम चाहे किसी को जानते हो या नहीं जानते उस को सलाम करो।

(सही बुख़ारी किताबुल् ईमान बाब (अफ़शाअल् इस्लाम मिनल इस्लाम हदीस : 28)

सलाम को रिवाज देने के लिए इस हद तक जाओ कि चाहे तुम किसी को जानते हो या नहीं जानते तुम उसे सलाम करो। अतः जब यह सलामती का रिवाज पैदा होगा तो मेहमान जो ग़ैर अज़ जमाअत हैं और जो नोमोबाईन हैं उनके दिलों पर एक अच्छा असर क़ायम होगा और इस पाक माहौल से वह ज़्यादा से ज़्यादा फ़ायदा उठाने वाले और इस्लाम की ख़ूबसूरत तालीम की तारीफ़ करने वाले बन जाऐंगे। और जो नोमोबाईन इस पर अमल करने वाले होंगे वे ज़्यादा अहसन रंग में निज़ाम में जज़ब होने वाले बन जाऐंगे। उनको शिकवा होता है कि कुछ जगह हमें जज़ब नहीं किया जाता।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का एक वाक़िया पेश करता हूँ। जब जंग मुक़द्दस की तक़रीब थी जो कि मुस्लमानों और ईसाईयों में मुबाहिसा हुआ था। इस दौरान हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम जहां ठहरे हुए थे वहां एक दफ़ा आप के साथ एक वाक़िया पेश आया। कारकुनान कहते हैं कि एक दिन मेहमानों की कसरत की वजह से मुंतज़मीन हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के लिए खाना रखना भूल गए या पेश करना भूल गए और रात का एक हिस्सा गुज़र गया आप को खाना नहीं दिया गया। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने बड़े इंतेज़ार के बाद जब खाने के बारे में पूछा तो सब जो इंतेज़ाम करने वाले थे वे तो बड़े परेशान हो गए। सब के हाथ पैर फूल गए कि यह क्या हो गया है। खाना रखा हुआ नहीं है। बाज़ार भी अब बंद हो चुके हैं। बहुत देर हो गई है वहां से ला नहीं सकते। बहरहाल जब यह सूरत-ए-हाल हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के इलम में आई, जब आप को पता लगा तो आप ने फ़रमाया कि इस तरह घबराहट और तकलीफ़ की ज़रूरत क्या है। दस्तरख़वान पर देखो, जहां खाना खाया हुआ है देखो! लोगों का कुछ बचा कुचा पड़ा होगा वही काफ़ी है। जो पड़ा है वही ले आओ। दुस्तरख़वान जब देखा गया तो वहां सिवाए रोटियों के चंद टुकड़ों के कुछ भी नहीं था। सालन इत्यादि भी नहीं था। आप अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया कि हमारे लिए यही काफ़ी है और आप अलैहिस्सलाम ने वही खा लिया।

(उद्धृत सीरत हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम अज़ हज़रत याक़ूब अली इर्फ़ानी साहब रज़ियल्लाहु अन्हो हिस्सा सोम पृष्ठ 322)

तो हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम जो सबसे बढ़कर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के आशिक़ और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की सुन्नत पर अमल करने वाले थे यह उनका उदाहरण था। अतः हमें भी जो आप की जमाअत में शामिल होने का दावा करते हैं सब्र और हौसला और शुक्रगुज़ारी के ये भावनाएं हर वक़त दिखाने की ज़रूरत है। अगर इन तीन दिनों में किसी की मेहमान-नवाज़ी में कोई कमी भी रह गई हो तो इस को अंदेखा करें और इंतेज़ामिया को ज़्यादा मोरिद-ए-इल्ज़ाम न ठहराएँ।

कोशिश तो इंतेज़ामिया की यही होती है कि ज़्यादा से ज़्यादा बेहतरी पैदा की जाए लेकिन मेहमानों की तरफ़ से भी किसी किस्म की नाराज़गी और शिकवा नहीं होना चाहिए।

यदि नेक नियत से इस्लाह की ख़ातिर तवज्जा दिलानी चाहते हैं और जो मश्वरे देना चाहते हैं तो बाद में वे अपने मश्वरे भेज सकते हैं ताकि अगले वर्षों में बेहतरी पैदा हो और नए आने वालों के लिए भी ज़्यादा सहूलतों का इंतेज़ाम हो।

इसके अतिरिक्त मैं इस बात की तरफ़ भी तवज्जा दिलानी चाहता हूँ कि इन दिनों में विभिन्न प्रकार की नुमाइशें लगी हुई हैं। हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हो के यूरोप और यू.के के दौरे पर इस वर्ष सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं। इसके लिए यू.के की जमाअत ने मर्कज़ी आरकाईवज़ के साथ मिलकर एक नुमाइश लगाई है। विभिन्न तसावीर की नुमाइश है। इसको ज़रूर देखें। हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हो के बारे में यू.के की सौ साल की तारीख़ है। इसी तरह रिव्यू आफ़ रिलीजंज़ की प्रदर्शनी है। आरकाईवज़ और तब्लीग़ के विभागों की नुमाइश है। मख़ज़न-ए-तसावीर की प्रदर्शनी है। ये सारी परदर्शनियाँ देखने वाली हैं। मुझे उम्मीद है कि अच्छी तरह उन्होंने सेट की होंगी। जो फ़ारिग़ औक़ात हैं उनमें इधर-उधर वक़्त ज़ाए करने के बजाए उन परदर्शनियों को देखने की कोशिश करें।

इसी तरह इंतेज़ामिया को यह भी हिदायत दी गई है कि दुनिया में अब कुछ स्थानों पर कोविड के मरीज़ ज़्यादा नज़र आने लग गए हैं यहां भी कुछ स्थानों पर लोगों में बढ़ोतरी हुई है तो यहां मुख़्तलिफ़ जगहों से लोग आए हुए हैं और हो सकता है कोई कोविड के जरासीम भी लेकर आया हो। इसलिए गैटस पर, दाख़िली रस्तों पर होमियोंपैथिक दवाई जो हिफ़्ज़-ए-मातक़द्दुम के है, preventive है इसको देने का इंतेज़ाम किया गया है। कोशिश करें कि हर व्यक्ति जो गेट से अंदर दाख़िल हो अगर इंतेज़ामिया उनको वह दवाई दे तो वह आराम से ले लें बल्कि ख़ुद मांग के लें। अल्लाह तआला सबको हर किस्म की बीमारी से महफ़ूज़ रखे। हर उपद्रव से भी सुरक्षित रखे।

इसी तरह सैक्योरिटी के इंतेज़ाम है पहले भी मैंने कहा। सैक्योरिटी के इंतेज़ाम में हर साल मैं कहता रहता हूँ कि

सबसे बढ़कर सैक्योरिटी हमारी यही है कि अपने दाएं बाएं नज़र रखें और कोशिश करें कि हर एक दूसरे को देख रहा है। ये सबसे बड़ी सैक्योरिटी होती है। अगर ये हो जाए तो फिर किसी मुख़ालिफ़ को, दुश्मन को किसी भी किस्म का उपद्रव फैलाने का अवसर नहीं मिलता।

इसी तरह ग़ैर ज़रूरी सामान बैग इत्यादि कहीं पड़ा हुआ देखें तो इंतेज़ामिया को सूचना दे दें और अगर किसी व्यक्ति की कोई संदिग्ध हरकात देखें तब भी इंतेज़ामिया को बता दें। बहरहाल इन दिनों में सैक्योरिटी की तरफ़ विशेष ध्यान दें लेकिन सबसे बड़ा हथियार हमारे पास अल्लाह तआला की पनाह है और इस पनाह को हासिल करने के लिए दुआओं और ज़िक्र-ए-इलाही की तरफ़ हमें ज़ोर देना चाहिए। इस तरफ़ विशेषता इन तीन दिनों में ज़ोर दें।

अल्लाह तआला आप सबको तौफ़ीक़ अता फ़रमाए कि इस पर अमल करने वाले हों और यह जलसे को हर लिहाज़ से हर एक के लिए बाबरकत हो।

★ ★ ★

पृष्ठ 1 का शेष भाग

पाँचवाँ : शिर्क की पांचवीं किसम यह है कि ख़ुदा तआला की वह विशेष सिफ़ात जो इस ने बंदों को नहीं दीं जैसे मुर्दा को ज़िंदा करना या कोई चीज़ पैदा करना या ख़ुदा तआला का अज़ली और ग़ैर-फ़ानी होना ऐसे उमूर में ख़ुदा तआला की विशेषताओं को मिटा दिया जाए और उन सिफ़ात में किसी ग़ैर को शरीक कर लिया जाए चाहे उस अक़ीदा की बिना पर ही शरीक किया जाए कि ख़ुदा ने अपनी मर्ज़ी और अपने इज़न के साथ यह सिफ़ात या उनका कुछ हिस्सा किसी ख़ास व्यक्ति को दे दिया है, यह भी शिर्क ही होगा।

छठा : शिर्क की छट्टी किसम यह है कि इन्सान ख़ुदा तआला के बनाए हुए अस्बाब को बिलकुल नज़रअंदाज कर दे और यह समझे कि किसी व्यक्ति या किसी चीज़ ने बिन उन अस्बाब के प्रयोग करने के जो ख़ुदा तआला ने किसी विशेष काम के लिए निर्धारित किए हैं अपनी ख़ास ताक़त के माध्यम से इस काम को पूरा कर दिया है। उदाहरणतः ख़ुदा तआला ने आग को जलाने के लिए पैदा किया है। अब अगर कोई व्यक्ति यह ख़्याल करे कि किसी व्यक्ति ने अपनी ज़ाती ताक़त से बिना दूसरे माध्यम के इस्तिमाल करने के जो कानून-ए-क़ुदरत में रखे गए हैं आग लगा दी तो यह शिर्क होगा लेकिन इस में मिसमरेजम इत्यादि शामिल नहीं क्योंकि ये ताक़तें ख़ुद क़ानून-ए--क़ुदरत के अंदर शामिल हैं किसी व्यक्ति के ज़ाती कमालात नहीं।

सातवाँ शिर्क की सातवीं किसम यह है कि यह ख़्याल किया जाए कि ख़ुदा को किसी बंदा से ऐसी मुहब्बत है कि वह उस की हर एक बात मान लेता है क्योंकि उस के माने ये बनते हैं कि वे बंदा ख़ुदाई ताक़तें रखता है।

(तफ़सीर-ए-कबीर भाग 6 पृष्ठ 43 प्रकाशन कादियान 2010)

★ ★ ★

मुजस्समे यदि किसी नेक उद्देश्य के लिए बनाए जा रहे हैं जिससे इल्मी या अध्यात्मिक तरक़्क़ी उद्देश्य है तो फिर उनके बनाने में कोई हर्ज नहीं लेकिन यदि केवल नमूद-ओ-नुमाइश और दिखावे के लिए बनाए जा रहे हैं तो ग़लत और नाजायज़ काम है एक हदीस में आया है कि पहला सिपाही जिसने क़ुस्तुनतुनिया में क़दम रखा जन्नत में जाएगा, क्या यह दरुस्त है?

सय्यदना हज़रत अमीरुल मौमेनीन ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ से पूछे जाने वाले अहम प्रश्नों के उत्तर (क़िस्त 29)

प्रश्न : श्रीमान इंचार्ज साहब बंगला डैसक ने हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ की ख़िदमत अक़्दस में तहरीर किया कि बंगलादेश में क़ौमी हीरोज़ के मुजस्समे बनाने का रुजहान पैदा हो रहा है। क्या इस्लाम में किसी हीरो का मुजस्समा बनाना जायज़ है? हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने अपने पत्र तिथि 13 दिसंबर 2020 ई. में इस प्रश्न के उत्तर में निम्नलिखित हिदायात फ़रमाई

उत्तर : क़ुरआन-ए-क़रीम से पता चलता है कि इस्लाम से क़बल नबियों के समय में नेक उद्देश्य के लिए तसावीर और मुजस्समा साज़ी का काम किया जाता था जैसा कि हज़रत सुलेमान अलैहिस्सलाम के सम्बन्ध में आता है कि एक फ़िर्क़ा जिन उनकी इच्छा अनुसार उनके लिए मुजस्समे बनाते थे। (सूरः सबा : 14) इसी तरह अहादीस में भी आता कि हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के आने से पहले अहल-ए-किताब के पास विभिन्न नबियों की तसावीर थीं, जिन में आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की तस्वीर भी थी।

(अल् -तारीख़ अल-कबीर मुअल्लिफ़ा अबू अब्दुल्लाह इस्माईल बिन इब्राहीम अल्जाफ़ी अल् किसम अव्वल पृष्ठ179)

इसके अतिरक्त बच्चों के खेलने के लिए गुड़ियाँ और गड्डे इत्यादि भी होते थे, जैसा कि हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा की कुछ रिवायत से पता चलता है कि बचपन में उनके पास भी खिलौनों में गुड़ियाँ और परों वाले घोड़े थे, जिन्हें हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने भी देखा और आपने उनके बारे में किसी किस्म की नापसंदीदगी का इज़हार नहीं फ़रमाया।

(सुंन अबी दाऊद, किताब अल् अदब, बाब फ़ी लअबुल बिनात)

लेकिन इसके साथ यह बात भी पेश-ए-नज़र रखनी बहुत आवश्यक कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के अह्द मुबारक में चूँकि शिर्क और बुतपरस्ती अपने इंतेहा को पहुंची हुई थी, इसलिए हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने प्रत्येक काम को जिससे हल्का सा भी शिर्क और बुतपरस्ती की तरफ़ मीलान हो सकता था, अत्यन्त नापसंद फ़रमाया और सख़्ती से उसकी हौसलाशिकनी फ़रमाई। इसलिए घर में लटके हुए पर्दा या बैठने वाले गदीले पर तसावीर देख कर हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने सख़्त नागवारी का इज़हार फ़रमाया और उन्हें उतारने और फाड़ने का इरशाद फ़रमाया।

(सही बुख़ारी, किताब अल् अदब, बाब मा यजोज़ि मिनल ग़ज़ब अल् शिद्दतिल् अमरिल्लाह, किताब बिदअतुल खिल्क बाब इज़ा क़ाल अहदोकुम आमीन वल् मलाएकतों विसमाए) इसी प्रकार हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने इस ज़माने के अनुसार मुसव्वेरी के माध्यम से बनाई जाने वाली तसावीर की सख़्ती से मनाही फ़रमाई और मुसव्वेरी के काम को नाजायज़ और मौरिद-ए-अज़ाब क़रार दिया। (बुख़ारी ,किताब अल् बियू, बाब बैअतुल् तसावीर अल्लती लैयस फ़ीहा रूह) सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने बतौर हक़म-ओ-अदल अपने आक़ा-ओ-मुता सय्यदना हज़रत-ए-अक़्दस मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के नक़श-ए-कदम पर चलते हुए हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के अत्यन्त पुरहिकमत इरशाद إِنَّمَا الْأَعْمَالُ بِالنِّيَّاتِ की रोशनी में इस मसला का यह हल पेश फ़रमाया कि जो काम किसी नेक उद्देश्य के लिए किया जाए वह जायज़ है लेकिन वही काम बग़ैर किसी नेक उद्देश्य के नाजायज़ होगा। इसलिए हुज़ूर अलैहिस्सलाम ने तब्लीग़ और पैग़ाम-ए-हक़ पहुंचाने की ख़ातिर एक तरफ़ अपनी तस्वीर की इशाअत की आज्ञा दी, जिस पर इस ज़माने के तथाकथित मुलाऊं ने इस नेक उद्देश्य की मुख़ालेफ़त करते हुए बुरे बुरे पैरायों में उसे वर्णन किया और इस के ख़िलाफ़ दुनिया को बहकाया तो हुज़ूर अलैहिस्सलाम ने इन मुख़ालेफ़ीन का उत्तर देते हुए फ़रमाया कि यदि ये लोग तस्वीर को इतना ही बुरा समझते हैं तो फिर शाही तस्वीर वाला रुपया और दूनियां और चविन्नयाँ अपने घरों और जेबों से बाहर क्यों नहीं फेंक देते और इसी तरह अपनी आँखें भी क्यों निकलवा नहीं देते क्योंकि उनमें भी तो वस्तुओं की आकृति होती है। तो दूसरी तरफ़ हुज़ूर अलैहिस्सलाम ने इसी काम को किसी जायज़ उद्देश्य के बग़ैर करने पर अत्यन्त नापसंद फ़रमाया और उसे बिद्दत क़रार देते हुए इस पर सख़्त नाराज़गी का इज़हार फ़रमाया। इस मसला के इन दोनों पहलूओं को वाज़ेह करते हुए हुज़ूर अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया : "मैं इस बात का सख़्त मुख़ालिफ़ हूँ कि कोई मेरी तस्वीर खींचे और उस को बुत परस्तों की तरह अपने पास रखे या शाय करे। मैंने कदापि ऐसा हुक्म नहीं दिया कि कोई ऐसा करे और मुझसे ज़्यादा बुतपरस्ती और तस्वीर परस्ती का कोई दुश्मन नहीं होगा। लेकिन मैंने देखा है कि आजकल यूरोप के लोग जिस व्यक्ति की तालीफ़ को देखना चाहें प्रथम इच्छामंद होते हैं कि इस की तस्वीर देखें क्योंकि यूरोप के मुल्क में फ़िरासत के इलम को बहुत तरक़्क़ी मिली है। और अक्सर उन की केवल तस्वीर को देखकर शनाख़्त कर सकते हैं कि ऐसा मुद्दई सादिक़ है या काज़िब। और वे लोग बबायस हज़ार-हा कोस के फ़ासिला के मुझ तक नहीं पहुंच सकते और न मेरा चेहरा देख सकते हैं इसलिए इस देश के अहल फ़िरासत के माध्यम से तस्वीर मेरे अंदरूनी हालात में ग़ौर करते हैं। कई ऐसे लोग हैं जो उन्होंने यूरोप या अमरीका से मेरी तरफ़ चिट्ठियां लिखी हैं और अपनी चिट्ठियों में तहरीर किया है कि हमने आपकी तस्वीर को ग़ौर से देखा और इलम-ए-फ़िरासत के माध्यम से हमें मानना पड़ा कि जिसकी यह तस्वीर है वह काज़िब नहीं है।" (ज़मीमा बराहीन अहमदिया हिस्सा पंजुम, रुहानी खज़ायन भाग 21 पृष्ठ 365-366)

इसी तरह फ़रमाया وَإِنَّمَا الْأَعْمَالُ بِالنِّيَّات और मेरा मज़हब ये नहीं है कि तस्वीर की हुर्मत क़तई है। क़ुरआन शरीफ़ से साबित है कि फ़िर्क़ा जिन् हज़रत सुलेमान के लिए तस्वीरें बनाते थे और बनीइस्राईल के पास लंबे समय तक नबियों की तस्वीरें रहीं जिनमें आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की भी तस्वीर थी और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा की तस्वीर एक पारचा रेशमी पर जिब्राईल अलैहिस्सलाम ने दिखलाई थी।"

(ज़मीमा बराहीन अहमदिया हिस्सा पंजुम, रुहानी खज़ायन, भाग 21 पृष्ठ 365)

आप अलैहिस्सलाम मज़ीद फ़रमाते हैं "अफ़सोस कि ये लोग बिलाव वजह बुद्धि के विपरीत बातें करके मुख़ालिफ़ों को इस्लाम पर हंसी का अवसर देते हैं। इस्लाम ने समस्त व्यर्थ के काम और ऐसे काम जो शिर्क के सहायक हैं हराम किए हैं न ऐसे काम जो इन्सानी इलम को तरक़्क़ी देते और अमराज़ की पहचान का माध्यम से ठहरते और फ़िरासत को हिदायत से क़रीब कर देते हैं। लेकिन

इसके होते हुए मैं कदापि पसंद नहीं करता कि मेरी जमाअत के लोग बग़ैर ऐसी आवश्यकता के जो कि बैचन करती है वे मेरे फ़ोटो को आम तौर पर प्रकाशित करना अपना कसब और पेशा बना लें क्योंकि इसी तरह रफ़्ता-रफ़्ता बिदआत पैदा हो जाती हैं और शिर्क तक पहुँचती हैं इस लिए मैं अपनी जमाअत को इस जगह भी नसीहत करता हूँ कि जहां तक उनके लिए सम्भव हो ऐसे कामों से दस्त कश रहें। कुछ साहबों के मैंने कार्ड देखे हैं और उनकी पुश्त के किनारा पर अपनी तस्वीर देखी है। मैं ऐसी इशाअत का सख़्त मुख़ालिफ़ हूँ और मैं नहीं चाहता कि कोई व्यक्ति हमारी जमाअत में से ऐसे काम का मुर्तक़िब हो। एक सही और मुफ़ीद ग़रज़ के लिए काम करना और बात है और हिंदूओं की तरह जो अपने बुज़ुर्गों की तस्वीरें जाबजा दरोदीवार पर नसब करते हैं यह और बात है। हमेशा देखा गया है कि ऐसे व्यर्थ के काम शिरक करने का माध्यम बन जाते हैं और बड़ी बड़ी ख़राबियां उनसे पैदा होती हैं।"

(ज़मीमा बराहीन अहमदिया हिस्सा पंजुम, रुहानी खज़ायन, भाग 21 पृष्ठ 367)

अतः बंगलादेश में बनाए जाने वाले ये मुजस्समे यदि किसी नेक उद्देश्य के लिए बनाए जा रहे हैं जिससे इलमी या अध्यात्मिक तरक़्क़ी उद्देश्य है तो फिर उनके बनाने में कोई हर्ज नहीं लेकिन यदि केवल नमूद-ओ-नुमाइश और दिखावे के लिए बनाए जा रहे हैं तो ग़लत और नाजायज़ काम है।

प्रश्न : एक मित्र ने हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ की ख़िदमत अक़्दस में तहरीर किया कि हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने हज़रत फ़ातमह रज़ियल्लाहु अन्हा से हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हो के संबंध में दरयाफ़त फ़रमाया कि तुम्हारे चचा का बेटा कहाँ है? इसी तरह हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने हज़रत अब्बास रज़ियल्लाहु अन्हु और हज़रत अबू तालिब के लिए भी चचा का शब्द प्रयोग फ़रमाया है और हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हो ने हज़रत खतीजा रज़ियल्लाहु अन्हा के लिए चची का शब्द प्रयोग फ़रमाया है। इस शब्द की कुछ वज़ाहत फ़र्मा दी। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने अपने पत्र तिथि 13 दिसंबर 2020 ई. में इस प्रश्न का निम्नलिखित उत्तर अता फ़रमाया।

उत्तर : हर समाज के कुछ रस्म-ओ-रिवाज और रोज़मर्रा ज़िंदगी में प्रयोग होने वाले मुहावरे होते हैं, जो इसी मुआशरे को सामने रखकर समझे जा सकते हैं। इसलिए कुछ ख़ानदानों में पिता का किसी व्यक्ति से जो रिश्ता होता है ख़ानदानी रस्म-ओ-रिवाज या मुहावरा के तहत वही रिश्ता औलाद के लिए भी प्रयोग हो जाता है। हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हो चूँकि हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के चचा के बेटे थे, इसलिए उसी मुआशरती रिवाज के तहत हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने अपनी बेटी से दरयाफ़त किया कि तुम्हारे चचा का बेटा कहाँ है।

फिर अरब में यह يَابْنَ عَمِّ और يَابْنَ أَخِي अर्थात् हे मेरे चचा के बेटे और हे मेरे भतीजे इत्यादि शब्द के प्रयोग का आम रिवाज था और अब तक है। इसलिए बड़ी उमर का व्यक्ति अपने से छोटी उमर के व्यक्ति को सम्बोधित करने के लिए يَابْنَ أَخِي। अर्थात् हे मेरे भतीजे के शब्द का प्रयोग करता है और इसी तरह पत्नी अपने पति का नाम लेने की बजाय يَابْنَ عَمِّ। अर्थात् हे मेरे चचा के बेटे के शब्द प्रयोग करती है।

